Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Yadav Shri Sita Ram

>

Title : Need to undertake repair work of the Mahatma Gandhi Bridge.

श्री सीता राम यादव (सीतामढ़ी) : सभापति महोदय, मैं आपकी अनुमति से महात्मा गांधी सेतु का मुद्दा शून्यकाल में उठाना चाहता हूं। पटना ए वं हाजीपुर के बीच गंगा नदी पर उत्तर बिहार का एक मात्र लाइफ पुल है। इस पुल का आर्क पश्चिम भाग में तीन इंच झुक चुका है। अगर यह पुल और तीन इंच झुक गया तो पुल ध्वस्त हो जायेगा, ऐसा विशोज्ञों की राय है। पुल के पश्चिम भाग पर सवारियों का आना-जाना बहुत दिनों से बंद है। जैसा कि जानकारी मिली है कि चार आर्क का मरम्मती का कार्य चल रहा है। अगर पूरे 45 आर्क का मरम्मत नहीं किया गया तो पुल ध वस्त हो जायेगा। इस पुल पर लगभग प्रतिदिन सात-आठ हजार गाडियों का आवागमन रहता है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार और परिवहन मंत्री से मांग करता हूं कि युद्ध स्तर पर महात्मा गांधी सेतु का मरम्मत तुरंत कराया जाये। यह छः किलोमीटर का पुल है। अगर यह पुल टूट गया तो गंगा नदी पर जहाज से आना जाना पडेगा। इसके अलावा दूसरा और कोई ि वकल्प नहीं है। मंत्री महोदय यहां बैठे हुए हैं। मैं उनसे आग्रह करूंगा कि वे इस संज्ञान में ले और इस पुल की तुरंत मरम्मत करायें वर्ना आवागमन उत्तर बिहार का समाप्त हो जायेगा।